Per-capita income

1941. SHRI MOHAMMED AFZAL ALIAS MEEM AFZAL: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether per-capita income in the country has increased or decreased in 1993-94 and 1994-95 as compared to 1992-93; and

(b) if so, the per-capita income in States (detail State-wise) during the above period?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI GIRIDHAR GAMANG): (a) The per-capita income in the country at constant (1980-81) prices during the years 1992-93, 1993-94 & 1994-95 has been estimated at Rs. 2226, Rs. 2282 & Rs. 2362 respectively registering an increase both in 1993-94 & 1994-95.

(b) The estimates of per-capita net State Domestic Product at current and constant (1980-81) prices during the years 1992-93, 1993-94 & 1994-95 are given in the Statement annexed.

वर्ष 1995 के दौरान जारी की गई चीनी का कोटा

1942. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी:** क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1995 के जून, जुलाई महीनों के दौरान और आज तक चीनी का कितना कोटा जारी किया गया है और वर्ष 1993 और 1994 के इन्हीं महीनों में चीनी का कितना-कितना कोटा जारी किया गया था;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान चीनी का कुल कितना उत्पादन हुआ था;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान चीनी के बाजार भाव क्या रहे हैं; और

(घ) क्या सरकार त्योहारों के दौरान जारी की गई चीनी की मात्रा को बढ़ा देती है?

खाद्य मंत्री (श्री अजित सिंह): (क) जून से सितम्बर, 1995, 1994 तथा 1993 के दौरान जारी लेवी तथा खुली बिक्री चीनी की मात्रा को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है (नीचे देखिए)।

(ख) 1991-92, 1992-93 तथा 1993-94, चीनी मौसम (अक्तूबर-सितम्बर) के दौरान चीनी उत्पादन की कुल मात्रा नीचे दी गई है:--

चीनी मौसम	उत्पादित चीनी की मात्रा (लाख टन)
1991-92	134.11
1992-93	106.09
1993-94	98.24

(ग) पिछले तीन चीनी मौसमों के दौरान देश के चार प्रमुख बाजारों में चीनी के थोक मूल्यों की रेंज इस प्रकार रही:--

चीनी मौसम	एस-30 ग्रेड की चीनी के थोक मूल्यों की रेंज (रुपये प्रति क्विंटल)
1991-92	763 से 1030
1992-93	893 से 1190
1993-94	1038 से 1630

(घ) सरकार लगभग एक लाख टन प्रतिवर्ष चीनी त्यौहार कोटे के रूप में जारी करती है जो राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी पसंद के महीना/महीनों में उनके लेवी चीनी के मासिक आबंटनों के अनुपात में आबंटित की जाती है। यह राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लेवी चीनी के मासिक कोटे के अतिरिक्त है।

विवरण

जून से सितम्बर के दौरान जारी लेवी तथा खुली बिक्री चीनी की मात्रा दर्शाने वाला विवरण

लाख टन में

महीना	1995		1994		1993	
	लेवी	खुली बिक्री	लेवी	खुली बिक्री	लेवी	खुली बिक्री
जून	3.27	7.00	3.36	5.60	3.51	6.93
जुलाई	3.41	6.90	3.36	6.00	3.56	6.43
अगस्त	3.51	6.79	3.40	5.75	3.55	6.29
सितम्बर	3.72	*	3.65	5.75	3.81	6.34

(*) अभी घोषित होना है

नोट : लेवी चीनी आबंटन में अर्द्ध-सैनिक बल जैसे सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल आदि शामिल हैं।